www.amritvichar.com

## सुविचार



प्रकृति अपरिमित ज्ञान का भंडार है, पत्ते-पत्ते में शिक्षापूर्ण पाठ हैं, परंतु उससे लाभ उठाने के लिए अनुभव आवश्यक है।

- हरिऔध


# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, शुक्रवार, 13 मार्च 2026


### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- बोरों में मिला 775 किलो गांजा, तस्कर गिरफ्तार II
- नींद में खलल से दिल की बीमारी का खतरा III
- लविवि में दिखी आजादी के दौर की झलक IV




**रमजान का 23वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 4 : 57 | सुन्नी : 6 : 17 |
| शिया : 4 : 47 | शिया : 6 : 26 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### शहर में आज



- भजनमऊ स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल में सेवा संकल्प की ओर से इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर– 9 :00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यायल में भूविज्ञान पर राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के प्रख्यात भूविज्ञानी रखेंगे विचार– 9 : 30 बजे से।
- बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर–10 :00 बजे से।
- रिवर बैंक कालोनी स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियर्स इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन हेल्थकेयर कार्यक्रम– 4 :30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko .editor@ amritvichar . com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

**जनता की परेशानी**

## बुकिंग वाला नंबर लग नहीं रहा, पहले से बुक सिलेंडर भी नहीं मिल रहे

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडेन और भारत गैस के उपभोक्ता रसोई गैस सिलेंडरों की बुकिंग के लिए ज्यादा परेशान हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग न होने का कारण पूछने पर एजेंसी कर्मचारी कहते हैं एक हफ्ते से सर्वर डाउन है, कंपनी का फोन मिलाते रहो, कभी तो लगेगा ही। उपभोक्ता आशीष नामक ने बताया कि बुकिंग के बाद भी डिलीवरी मैन ने गैस सिलेंडर नहीं पहुंचाया है। उपभोक्ता अभिषेक गुप्ता ने बताया कि आलमनगर स्थित भारत गैस एजेंसी से कनेक्शन लिया है। ऐप पर एक हफ्ते से बुकिंग करने का प्रयास कर रहा हूं, लेकिन बुकिंग का विकल्प ही नहीं रहा है। सदर स्थित इंडेन की अरुणोदय गैस एजेंसी पहुंचे अमित कुमार ने बताया कि होली से पहले बुकिंग के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन फोन ही नहीं लग रहा है। गैस एजेंसी जानकारी करने पहुंचे तो बताया जा रहा है कि सर्वर डाउन है। तेलीबाग स्थित भारत गैस की शहीद विवेक सक्सेना एजेंसी पहुंचे आलोक पांडे ने बताया कि होली से पहले सिलेंडर बुक कराया था, एजेंसी कंपनी ने अपने आप बुकिंग कैंसिल कर दी और बताया भी नहीं। दोबारा बुकिंग करने पर फोन ले नहीं रहा है।




विकास नगर मिनी स्टेडियम में डिलीवरी वैन से सिलेंडर लेने के लिए लगी उपभोक्ताओं की लाइन। अमृत विचार

**प्रशासन का दावा**

## परेशान न हों, समय पर होगी गैस सिलेंडर की आपूर्ति : डीएम

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमृत विचार, लखनऊ : जिलाधिकारी विशाख जी गुरुवार को घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था देखने के लिए कानपुर रोड स्थित भारत पेट्रोलियम की ममता गैस एजेंसी पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद उपभोक्ताओं से बात की। उनसे कहा कि, परेशान न हों, कंपनियों की ओर से गैस सिलेंडर की आपूर्ति निर्धारित समय 25 दिन के अंतराल पर की जाएगी। जिलाधिकारी ने एजेंसी संचालकों से प्रतिदिन की आपूर्ति, बुकिंग की स्थिति तथा वितरण प्रणाली के संबंध में जानकारी ली। एजेंसी कर्मी ने बताया कि प्रतिदिन 700 से 800 बुकिंग कराई जा रही हैं, वरीयता के अनुसार डिलीवरी कराई जा रही है। उधर, एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने कहा कि बुकिंग न होने की समस्या का समाधान कराने के लिए संबंधित कंपनियों के अधिकारियों से वार्ता की जा रही है। सिलेंडर की कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही हैं। ठेलों और चूल्हे की दुकानों पर घरेलू सिलेंडर के हो रहे उपयोग पर प्रभावी कार्रवाई के लिए जिलापूर्ति अधिकारी को अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।


# घरों में इंडक्शन, ढाबों पर धधकने लगीं भट्ठियां

### 4000 से 12000 रुपये तक पहुंच गए इंडक्शन के दाम, कोयले का भी भाव 4 रुपये प्रति किलो बढ़ा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत बढ़ने के साथ ढाबों, नाश्ते की दुकानों में भट्ठियां धधकने लगी हैं। घरों की रसोइयों और रेस्टोरेंट में इंडक्शन पर भोजन पकाया जाने लगा है। इसके चलते कोयले से लेकर इंडक्शन तक के दामों में भारी उछाल आ गया है। कोयला भट्ठियों की मांग भी बढ़ गई है। घरेलू इंडक्शन की कीमत 4000 और कामर्शियल की 12000 हजार रुपये तक पहुंच गई है।

लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने बताया कि घरेलू इंडक्शन 1500 से 4000 रुपये और कामर्शिलय इंडक्शन 9000 से लेकर 12000 हजार रुपये तक में बिक रहा है। मांग बढ़ने की वजह से इन चूल्हों की कीमतें काफी चढ़ी हैं। मनोचा ने गैस किल्लत की समस्या दूर करने के लिए जिलाधिकारी से ठोस कदम उठाने का आग्रह भी किया है। आलमबाग के मवैया क्षेत्र में ईंट, लोहे का ड्रम, जाली और मिट्टी से निर्मित भट्ठियां बनाई जाती हैं। वहां भी मांग बढ़ने से कीमतों चढ़ गई हैं। हालत ये है कि आर्डर के अनुपात में कारीगर भट्ठियां तैयार नहीं कर पा रहे हैं। भट्ठी बेचने वाले दकानदार विपिन कुमार प्रजापति ने बताया कि 600 भट्ठियों का ऑर्डर मिल चुका है, लेकिन हम प्रतिदिन करीब 70 भट्ठियां ही बना पा रहे हैं। बुकिंग के दो से तीन दिन बाद ही भट्ठी दे पा रहे हैं।







वाला कदर रोड लालबाग स्थित गैस गोदाम में चिंतित खड़े उपभोक्ता। अमृत विचार

### व्यापारी 2500 की भट्ठी का 4000 भुगतान करने को तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** व्यापारी भट्ठी की मांग बढ़ने से कीमतें डेढ़ गुना तक बढ़ गई हैं। दुकानदार विपिन कुमार प्रजापति ने बताया कि व्यापारी अर्जेंट में भट्ठी मांग रहे हैं। इस समय एक भट्ठी का दाम 2500 रुपये है। अर्जेंट देने पर व्यापारी 4000 रुपये तक देने को तैयार हैं। एडवांस में ऑर्डर होने के कारण अर्जेंट में किसी को भी भट्ठी नहीं दे पा रहे हैं।



### होटलों में 20 रुपये महंगी हो गई भोजन की थाली

**अमृत विचार, लखनऊ :** चारबाग, नरही, बालू अड्डा, हजरतगंज, जियामऊ, चौक आदि क्षेत्रों में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, स्वीट हाउस आदि खानपान के प्रतिष्ठानों में मिट्टी की भट्ठियां बनवाकर जलाने लगे हैं। कोयला, लकड़ी महंगा मिलने से से दाल, रोटी, सब्जी आदि के दाम बढ़ा दिए हैं। जहां थाली सिस्टम चलता है वहां 50 रुपये की थाली 70 रुपये, 60 की थाली 80 रुपये और 80 वाली थाली 100 रुपये की कर दी है। इसी तरह रेस्टोरेंट में फास्ट फूड व अन्य खानपान के अलग-अलग दाम बढ़ा दिए हैं।



खाली सिलेंडर लेकर बैठी महिला।

### जलावन लकड़ी के दाम तीन रुपये बढ़े

होटलों और रेस्टोरेंट में भट्ठियां धधकने से कोयला और लकड़ी की मांग बढ़ गई है। इससे लकड़ी व कोयला के दामों में उछाल आ गया है। कोयला मंडी के व्यापारी शुभम ने बताया कि कोयले का दाम 40 रुपये से बढ़कर 45 रुपये प्रतिकिलो पहुंच गए हैं। तंदूर में इस्तेमाल होने वाली इमली की लकड़ी 45 रुपये किलो और बबूल की लकड़ी 40 रुपये किलो बिक रही है। इसके अलावा जलावन वाली लकड़ी का दाम 12 रुपये प्रतिकिलो से 15 रुपये तक पहुंच गया है।



### एलपीजी सिलेंडर को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज चौराहे पर किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलपीजी सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों के विरोध में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार पर महंगाई पर नियंत्रण न कर पाने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। प्रदर्शन के कारण हजरतगंज चौराहे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति भी बन गई। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। प्रदर्शन के दौरान चौराहे पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।




रसोई गैस सिलेंडर लेकर हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### सिटी ब्रीफ

#### पॉलीथिन मिलने पर 5500 रुपये शमन शुल्क वसूला

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने गुरुवार को अतिक्रमण और प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। जोन-5 में चारबाग केकेसी से नत्था चौराहे तक अतिक्रमण हटाए। प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग पाए जाने पर 5500 रुपये शमन शुल्क वसूला। अभियान जोनल अधिकारी विनीत सिंह के नेतृत्व में चलाया गया।

#### मुख्यालय के निर्माण में देरी पर महापौर ने लगाई फटकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित केंद्रीय कार्यशाला में निर्माणाधीन नगर निगम मुख्यालय का महापौर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार को निरीक्षण किया। निर्माण में देरी पर उन्होंने सीएंडडीएस के अधिकारियों और ठेकेदार को फटकार लगाई साथ ही काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। महापौर ने जोन- 8 स्थित औरंगाबाद खालसा में निर्माणाधीन वर्किंग वूमेन हॉस्टल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सीएंडडीएस के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और गुणवत्तापरक निर्माण के निर्देश दिए।

#### लॉरी कार्डियोलॉजी में मरीजों-तीमारदारों से हुई अभद्रता

**अमृत विचार, लखनऊ :** लॉरी कार्डियोलॉजी में मरीजों और तीमारदारों से कर्मचारी के अभद्रता करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। संस्थान प्रशासन ने जांच के आदेश देने के साथ कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है। डॉक्टर मर्ज के आधार पर मरीजों को टूडी ईको, टीएमटी समेत दूसरी जांच लिखते हैं। इसके बाद मरीज जांच के लिए डेट लेने के लिए काउंटर पर जाते हैं। जहां से उन्हें जांच के लिए पर्चे पर डेट मिलती है। गुरुवार को मरीज-तीमारदार टूडी ईको, टीएमटी जांच के लिए कतार में लगे थे। काउंटर पर बैठा कर्मचारी फोन पर बिजी था। काफी देर इंतजार के बाद कर्मचारी पर्चे पर डेट नहीं दे रहा था। इस पर मरीज व तीमारदारों ने आपत्ति जताई तो कर्मचारी ने एक तीमारदार से कहा, तुम अपनी औकात दिखा रहे हो चुपचाप बैठो वरना निकल जाओ। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है वॉयल वीडियो को देखा गया है। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। कर्मचारी के जरिये अपशब्द बोले जाने को लेकर कार्रवाई होगी।

**सौगात**

**शाम 3 :30 बजे समतामूलक चौक पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे लोकार्पण**

# आज शाम से ग्रीन कॉरिडोर पर शुरू हो जाएगा वाहनों का आवागमन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **1519 करोड़ लागत से बनने वाले फेज-3 और 4 का शिलान्यास भी किया जाएगा**

**अमृत विचार :** ग्रीन कॉरिडोर पर शुक्रवार शाम से आवागमन शुरू हो जाएगा। शाम करीब 3:30 बजे समतामूलक चौक पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फीता काटकर ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के द्वितीय चरण का लोकार्पण और तृतीय व चतुर्थ चरण के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी उपस्थित रहेंगे।

लोकार्पण के बाद झूलेलाल वाटिका में जनसभा होगी। जिसमें 10 हजार लोग होंगे। सभा के लिए पंडाल, मंच, पार्किंग, लंच, पेयजल आदि इंतजाम किए गए। जिला प्रशासन, एलडीए, नगर निगम समेत सम्बंधित विभागों की गुरुवार देर रात तक तैयारी की गई। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर आईआईएम रोड से किसान पथ तक 28 किमी का है। पहले चरण में 100 करोड़ की लागत से 6.8 किमी ग्रीन कॉरिडोर आईआईएम रोड से पक्का पुल तक बना था। जिसका लोकार्पण 11 मार्च 2024 को हो चुका है। दूसरे चरण में डालीगंज से निशातगंज होते हुए समतामूलक चौक तक 299 करोड़ की लागत से 7 किमी ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया है।इस पर आवागमन शुरू होने के बाद हजरतगंज, डालीगंज और निशातगंज जैसे घनी आबादी वाले और व्यस्ततम क्षेत्रों में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। 1220 करोड़ की लागत से बनने वाले तृतीय व चतुर्थ चरण का शिलान्यास किया जाएगा। ये कॉरिडोर पिपराघाट से किसान पथ को जोड़ेगा।



लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर पर लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम स्थल के पास लगा टेंट। अमृत विचार

### 166 पेड़ लगाए गए

एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर के एलाइनमेंट में आने वाले 166 पेड़ों को काटने के बजाय उनका प्रत्यारोपण किया गया है, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहेगा। ग्रीन कॉरिडोर के आसपास आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी, जिससे नए निवेश और रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

### 15 लाख से अधिक लोगों का सफर हो जाएगा आसान

हम ग्रीन कॉरिडोर के शुरू होने से आईआईएम रोड से समतामूलक चौक तक मात्र 10 मिनट आनेजाने में लगेंगे। वाहन चालक बिना किसी सिग्नल की बाधा के सीधे रिवर फ्रंट के किनारे से गोमतीनगर और समतामूलक चौक तक पहुंच सकेंगे। इस परियोजना से करीब 15 लाख अधिक लोगों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। आईआईएम रोड स्थित एलडीए की बसंतकुंज योजना और राष्ट्र प्रेरणा स्थल को नये लेन से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही हरदोई से आने वाले वाहन सीधे किसान पथ तक पहुंचेंगे। हजरतगंज और महानगर की तरफ से वाहनों का सीधे निशातगंज से समतामूलक चौक होते हुए सीधे किसान पथ आनाजाना होगा। दोनों तरफ से आनेजाने वाले मार्ग को गोमती नदी स्थित हनुमंत सेतु मंदिर के पास ब्रिज से जोड़ा है। इसके आगे निशातगंज ब्रिज, कुकरैल बंधा व कुकरैल ब्रिज तैयार किया है।

## नर्मदा अपार्टमेंट के 312 फ्लैट लॉटरी से आवंटित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरियम हॉल में लॉटरी से नर्मदा अपार्टमेंट के 312 फ्लैट आवंटित किए। 743 आवेदकों के बीच नर्मदा अपार्टमेंट के 312 फ्लैटों की लॉटरी कराई गई। आवेदकों ने अपने हाथ से लकी ड्रॉ की पर्चियां निकाली। इन्हें 3 बीएचके, स्टडी के 300 फ्लैट व 12 पेंट हाउस आवंटित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने की। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया का यू-ट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण किया गया। 300 फ्लैट व 12 पेंट हाउस लॉटरी के माध्यम से आवंटित किए। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अपार्टमेंट गोमती नगर विस्तार स्थित जी-20 रोड पर बनेगा। अपार्टमेंट में पार्किंग के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति, किड्स प्ले एरिया, लिफ्ट और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## सिटी ब्रीफ

### तीन लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाना क्षेत्र में एक माह पहले व्यापारी के खुदकुशी मामले में पत्नी ने तीन लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी है। न्यू गुड़ौरा स्थित सेक्टर-ओ मानसरोवर योजना शहीद पथ निवासी सीमा यादव ने बताया कि पति विजय कुमार यादव ने 10 फरवरी की रात करीब 11:30 बजे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सीमा का कहना है कि अंतिम संस्कार के बाद जब परिजन घर लौटे तो मृतक के मोबाइल की खंगालने पर उसमें दो वीडियो क्लिप और व्हाट्सएप चैट मिली। आरोप है कि वीडियो में विजय कुमार ने दुर्गेश सिंह, संजय दुबे और अमित सक्सेना नामक व्यक्तियों पर माल दिलाने के नाम पर 9 लाख रुपये लेने और रुपये वापस न करने का जिक्र किया है।

### परिवार गया शादी में घर में हुई चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा के आम्रपाली स्थित हरि मजार के पास कपड़े की फेरी लगाने वाले हरिओम के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने 20 हजार रुपये व करीब 50 हजार के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित हरिओम ने बताया कि सोमवार को माल में रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने परिवार सहित गए थे। गुरुवार सुबह पड़ोसी ने गेट का ताला टूटा होने की सूचना दी। घर पहुंचने पर देखा तो मुख्य द्वार, अलमारी और बक्से का ताला टूटा हुआ और सारा सामान बिखरा पड़ा था।

### महिला की चेन लूटने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर-लखनऊ राजमार्ग पर सब्जी मंडी के पास महिला को धमकाकर गले से चेन लूटने वाले बदमाश को सैरपुर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटी गई चेन भी बरामद की है। आरोपी ने कबूला कि शाहखर्ची के लिए लूट करता है। इंस्पेक्टर मनोज कोरी ने बताया कि 11 मार्च को न्यू शाहपुर कालोनी रैथा रोड छठामील निवासी सरिता देवी ने चेन लूट की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि 10 मार्च की शाम सीतापुर-लखनऊ मार्ग स्थित सब्जी मंडी के पास एक युवक ने रास्ता रोककर धमकी दी और गले में पहनी चेन छीनकर फरार हो गया। छानबीन के दौरान पुलिस ने कमलाबाद बढ़ौली तरहिया मोड़ के पास से आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वीरेंद्र कुमार निवासी सरकपुर सरैया बीकेटी बताया।

### युवक के खाते से उड़ाए 65 हजार

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर क्षेत्र में साइबर जालसाज ने एक युवक के दो बैंक खातों से 65 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर सेल में करने के बाद कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आलमबाग के विशेश्वर नगर निवासी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 20 फरवरी को उनके आईसीआईसीआई बैंक और पीएनबी खाते से गूगल पे के माध्यम से 65 हजार रुपये निकाल लिए गए। खाते से रुपये गायब होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने साइबर सेल में शिकायत की। इसके बाद कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### प्रेमी ने पति को पीटा, दी धमकी

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर कोतवाली में एक व्यक्ति ने पड़ोसी पर पत्नी से प्रेम संबंध के चलते मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि उनके घर के सामने रहने वाले दीपक अरोड़ा का उनकी पत्नी से प्रेम संबंध है। इसकी जानकारी होने पर उन्होंने वर्ष 2024 में भोलाखेड़ा चौकी पर भी शिकायत की थी। उस समय पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता कराया था और एक-दूसरे से दूर रहने की हिदायत दी थी। आरोप है कि 11 मार्च को वह मोहल्ले में एक जनरल स्टोर के पास खड़े थे, तभी दीपक अरोड़ा वहां पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने उनके साथ मारपीट की और धमकी दी।

### छात्रा लापता, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, आलमबाग :** मूलरूप से फतेहपुर निवासी शिवम सिंह ने बताया कि उनका 12 वर्षीय भतीजा रुद्रप्रताप और 17 वर्षीय भतीजी काजल सिंह आशियाना के सैनिक नगर में उनके साथ रहकर कानपुर रोड स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ाई करते हैं। दोनों 6 मार्च को होली का त्योहार मनाकर गांव से लौटे थे। 8 मार्च को काजल बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

# बोरों में मिला 775 किलो गांजा, तस्कर गिरफ्तार

## ओडिशा से डीसीएम में भरकर ला रहा था गांजा, मिलता था प्रति चक्कर 50 हजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बरामद माल की कीमत करीब दो करोड़, चार आरोपियों की तलाश

**अमृत विचार:** ओडिशा से लखनऊ और आसपास के जिलों में सप्लाई के लिए लाई जा रही गांजे की खेप लेकर आ रहे तस्कर को यूपी एसटीएफ व निगोहां पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बोरों में भरे रबर स्क्रैब के बीच गांजे के पैकेट रखकर ओडिशा से ला रहा था। पुलिस ने डीसीएम के अंदर से करीब 775 किलो गांजा बरामद किया। बरामद माल की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब दो करोड़ रुपये बतायी जा रही है। एसटीएफ चार अन्य तस्करों की तलाश में दबिश दे रही है।

एसटीएफ के डीएसपी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि ओडिशा से बड़ी मात्रा में गांजा लाकर लखनऊ और आसपास के जिलों में सप्लाई होने वाली है। इस सूचना पर एसटीएफ के उपनिरीक्षक हरीश सिंह चौहान और एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी की संयुक्त टीम बुधवार देर रात चेकिंग कर रही थी। इस बीच नगराम मोड़ के एक डीसीएम देखकर टीम ने रोकने का प्रयास किया। चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस ने डीसीएम का पीछा किया और ओवरटेक कर चालक को धर दबोचा।

डीसीएम की तलाशी ली तो अंदर भारी भरकम बोरे रखे थे। बोरों में रबर स्क्रैब के 31 बोरों में एक-एक किलो के 775 पैकेट गांजा बरामद हुआ। आरोपी चालक कौशल कुमार फतेहपुर जनपद के मदारपुर बिंदकी का रहने वाला है। तलाशी में उसके पास से दो मोबाइल और 210 रुपये बरामद



पकड़ा गया गांजा तस्कर व बरामद सामान। अमृत विचार

हुए हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांजे की यह खेप ओडिशा से लेकर आ रहा था। वह अभी तक छह-सात बार खेप ला चुका है। हर बार प्रति चक्कर उसे 50 हजार रुपये कमीशन मिलता था। डीसीएम के अंदर ऐसी कैविटी बनायी गयी है, जिसमें करीब दस कुंटल तक गांजा छिपाया जा सकता है।

डीएसपी ने बताया कि गांजे की यह खेप बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत अन्य विभिन्न जिलों में सप्लाई की जानी थी। यह काम नगराम निवासी मयंक गुप्ता को करना था। मयंक ही माल को लेने के बाद छोटे-छोटे हिस्सों में सप्लाई करवाता था। तस्करी में समरजीत उर्फ सोनू गुप्ता, मयंक कुमार गुप्ता, रविंद्र जायसवाल उर्फ रवींद्र और सैय्यद दावर अलवी समेत कई अन्य लोग भी शामिल हैं। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# दो ट्रक लेकर चालक फरार, साढ़े छह लाख किराया भी हड़पा

संवाददाता, सरोजनीनगर

- पीड़ित ट्रेवेल एजेंसी मालिक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** ट्रेवेल एजेंसी संचालक ने दो चालकों पर दो ट्रक और करीब साढ़े छह लाख हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि करीब 15 माह से आरोपी ट्रक व बिना किराया दिए गायब हैं। सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

थाना क्षेत्र में दो ट्रकों के गायब होने और लाखों रुपये के लेनदेन के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शारदानगर रत्नाकर खण्ड निवासी विनय कुमार मिश्रा का विनय रोड लाइंस नाम से ट्रेवेल एजेंसी का कारोबार है। उनके पास दो ट्रक (यूपी 32 वीएन 7115 और यूपी 32 वीएन 6506) हैं। विनय का कहना है कि 25 अक्टूबर 2024 को दोनों ट्रक पंजाब के गुरदासपुर स्थित तहरा गंगा संगरूर निवासी चालक रोहताश उर्फ गुरुदास और हरप्रीत सिंह को चलाने के लिए दिए थे। 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर दोनों पक्षों के बीच लिखित अनुबंध भी हुआ था। एग्रीमेंट एक साल का था।

अनुबंध के तहत रोहताश को हर महीने 80 हजार रुपये देना था और दोनों ट्रकों की पूरी जिम्मेदारी भी उसी की थी। कुछ समय तक भुगतान और संपर्क सामान्य रूप से चलता रहा, लेकिन 10 दिसंबर 2024 से दोनों ड्राइवरों के मोबाइल बंद आने लगे। ट्रकों में लगे जीपीएस सिस्टम भी बंद हो गए। खोजबीन की लेकिन ट्रक व चालकों का कुछ पता नहीं चला। विनय ने बताया कि अनुबंध के तहत उन्हें अब तक करीब 6.40 लाख रुपये मिलने थे। कोर्ट के आदेश पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# युवक ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हजरतगंज के हाइडिल कॉलोनी इलाके में सुमित रावत (23) ने प्रेमिका अंजली की प्रताड़ना से परेशान होकर गुरुवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की मां ने अंजली के खिलाफ मारपीट व आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

इंस्पेक्टर हजरतगंज ने बताया कि हाइडिल कॉलोनी पीएन रोड निवासी सुमन घरेलू काम करती हैं। परिवार में दो बेटियां हैं। उनका बेटा सुमित सैलून का काम करता था। गुरुवार सुबह सुमन काम पर चली गईं। घर पर सुमित व उसकी छोटी बहनें मौजूद थीं। करीब दस बजे सुमित ने कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे लटक कर जान दे दी। कुछ देर बाद जब छोटी बहनें कमरे में पहुंची तो भाई का शव लटका देख चिल्लाने लगी। जानकारी मिलते ही मां सुमन भी घर पहुंच गईं।

पुलिस ने छानबीन के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया। सुमन का आरोप है कि बेटे की मुंशी पुलिया निवासी अंजली से फोन पर बातचीत होती थी। 10 मार्च को अंजली उनके घर भी आई थी और बेटे के साथ मारपीट करते हुए फंसाने की धमकी देकर गई थी। सुबह भी सुमित का अंजली से फोन पर झगड़ा हुआ। इसी से आहत होकर सुमित ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के मोबाइल को कब्जे में ले लिया है।


### संदिग्ध हालात में घर में मिला युवक का शव

**अमृत विचार, आलमबाग :** थाना क्षेत्र के ओमनगर इलाके में गुरुवार को एक युवक का शव संदिग्ध हालात में घर के अंदर मिला। घरवालों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि सौम्य शर्मा (18) पुत्र स्व. आशीष शर्मा अपनी मां के साथ घर में रहता था और पढ़ाई कर रहा था। गुरुवार दोपहर वह घर में अचेत अवस्था में पड़ा मिला। मां ने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों की मदद से सौम्य को लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# ट्रेडिंग व पॉलिसी के नाम पर दो से ठगे 2.80 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वास्तुखंड के बुजुर्ग को मुनाफे का दिया झांसा, नौ बार में जमा कराए 2.10 करोड़
- पीजीआई के बुजुर्ग से बीमा लोकपाल व मंत्री का ओएसडी बनकर ऐंठे 70 लाख



**अमृत विचार:** कमोडिटी ट्रेडिंग व पॉलिसी भुगतान के नाम पर साइबर ठगों ने दो बुजुर्गों से 2.80 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। साइबर जालसाज ने फेसबुक व व्हाट्सएप के माध्यम से फंसाया। ट्रेडिंग पर मुनाफे के नाम पर रुपये जमा कराए। वहीं, दूसरे मामले में जालसाज ने बीमा लोकपाल और एक मंत्री का ओएसडी बन मैच्यूरिटी क्लेम दिलाने के नाम पर ठगी की। पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामलों की जांच की जा रही है।

वास्तुखंड-2 निवासी 67 वर्षीय आशीष तिवारी ने बताया कि दिसंबर 2025 में फेसबुक पर कमोडिटी ट्रेडिंग का विज्ञापन देखा। संपर्क करने पर एक युवती ने कॉल व व्हाट्सएप के माध्यम से उनसे संपर्क किया। ट्रेडिंग में निवेश करने पर युवती ने मोटे मुनाफे का आश्वासन दिया। उसके बाद व्हाट्सएप ग्रुप एच-10 फ्रेंड्सशिप लिव्सलांग पर जोड़कर फंसाया। जाल में फंसाने के बाद एक वेबसाइट में उनका रजिस्ट्रेशन कर डीमैट अकाउंट खोला गया। फिर जालसाज ने 6 दिसंबर से 26 दिसंबर के बीच उनसे नौ बार में 2,10,39,967 रुपये ट्रांसफर करा लिए। मुनाफा देख पीड़ित ने रुपये विड्राल करने का प्रयास किया तो टालमटोल की गयी। शक होने पर पीड़ित आशीष ने पड़ताल की तो ठगी का पता चला। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, पीजीआई के एल्डिको सेक्टर-3 आशीर्वाद उद्यान द्वितीय निवासी 60 वर्षीय राजीव कुमार भटनागर ने बताया कि 6 नवंबर 2025 को उनके मोबाइल पर एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने अपना परिचय स्टॉर यूनियन दाई ची जीवन बीमा कंपनी की कर्मचारी खुशी पांडेय के रूप में दिया। बताया कि आपकी और पत्नी शालिनी भटनागर के नाम पर दो पॉलिसी है। मैच्यूरिटी पूरी होने पर भुगतान होना है। आरोपी ने बीमा की रकम अदायगी के लिए बीमा कंपनी के खाते में रुपये जमा करने की बात कही।

उसके बाद जालसाज ने बीमा लोकपाल का असिस्टेंट, बाबू, मुंबई कार्यालय का मुख्य अधिकारी और एक मंत्री का ओएसडी बनकर फंसाया। एक करोड़ रुपये ट्रांसफर करने का झांसा दिया। जाल में फंसे पीड़ित ने अपने आईसीआईसीआई और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया खाते से दिए गए खातों में कई बार में 70,03,618 रुपये ट्रांसफर कर दिए। मांग बढ़ने पर पीड़ित ने पड़ताल की तो ठगी का पता चला। पीड़ित राजीव कुमार भटनागर ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# इंस्पेक्टर से बदसलूकी करने वाला छोटा विलेन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमती नगर विस्तार पुलिस ने की कार्रवाई आरोपी भेजा गया जेल



**अमृत विचार:** भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव के इवेंट में इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार से बदसलूकी करने वाला छोटा विलेन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने इवेंट के दौरान गोमतीनगर विस्तार इंस्पेक्टर पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल किया था। साथ ही इंस्पेक्टर की फोटो का इस्तेमाल कर आंदोलन करने की बात कही थी।

इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि 7 मार्च को जनेश्वर मिश्र पार्क में म्यूजिकल होली धमाका का आयोजन किया गया था। जिसमें भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव व आकांक्षा पुरी का लाइव कंसर्ट था। कार्यक्रम के दौरान एक युवक जबरदस्ती स्टेज पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था। यह देख उसे रोका तो युवक ने पुलिस से अभद्रता की थी। इसके बाद उक्त युवक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी की फोटो का इस्तेमाल कर यूपी पुलिस को धमका रहा था।

जानकारी पर इंस्टाग्राम चेक किया गया तो आईडी छोटा विलेन के नाम से मिली। आरोपी उसी पर वीडियो बनाकर डालता है। इसके बाद गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम अंबर यादव बताया। आरोपी ने कबूला कि जब उसे लगा गलती हो गयी तो पेज से वीडियो डिलीट कर लिया था।

# सिपाही चालक पर आय से अधिक संपत्ति की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोपनीय शिकायत पर शासन ने एंटी करप्शन को दिए थे जांच के आदेश
- जांच में 23 साल की नौकरी में 32.53 लाख रुपये अधिक किए खर्च

**अमृत विचार:** बीबीडी थाने में तैनात सिपाही चालक राहुल कुमार शुक्ला के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। आरोप है कि करीब 23 साल की नौकरी में वैध आय स्रोत से 32,53,182 रुपये खर्च किए। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के निरीक्षक ने सिपाही के खिलाफ उसी के तैनाती थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गयी है।

एंटी करप्शन के निरीक्षक वकील पांडेय ने बताया कि मूल रूप से प्रतापगढ़ के कुंडा शहाबपुर निवासी सिपाही राहुल कुमार शुक्ला की 26 अप्रैल 2003 में यूपी पुलिस में आरक्षी चालक के पद पर भर्ती हुई थी। वर्तमान में उसकी तैनाती बीबीडी थाने पर है। साथ ही वह पीजीआई के पंचमखेड़ा स्थित मीरा विहार कॉलोनी में परिवार संग रहता है। सिपाही राहुल कुमार शुक्ला के खिलाफ वर्ष 2023 में आय से अधिक की संपत्ति अर्जित करने की एक गोपनीय शिकायत हुई थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शासन ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से जांच करने का आदेश दिया था।

जांच में पता चला कि करीब 23 साल की नौकरी में सिपाही के वेतन, भत्ता, एरियर और बैंक खाते मिलाकर 35,73,314 होनी चाहिए। जांच में तय अवधि में आरोपी ने 68,26,496 रुपये खर्च किए। इस तरह सिपाही ने तय आय के स्रोत से 32,53,182 रुपये ज्यादा खर्च किए। जो 91.04 प्रतिशत अधिक है। जांच के दौरान सिपाही राहुल कुमार शुक्ला से अधिक व्यय के संबंध में साक्ष्य मांगे गए लेकिन वे नहीं दिखा सके। जिसके बाद एंटी करप्शन ने जांच रिपोर्ट शासन में भेजी। आदेश मिलने पर आरोपी सिपाही राहुल कुमार शुक्ला के खिलाफ बीबीडी थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

लखनऊ के बीबीडी थाने में तैनात सिपाही चालक राहुल कुमार शुक्ला के खिलाफ वैध आय से 91% अधिक (लगभग 32.53 लाख रुपये) संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज किया गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की जांच में पाया गया कि 35.73 लाख की आय के मुकाबले 68.26 लाख का खर्च किया गया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

# कूड़ा प्लांट के हेल्पर का बाथरूम में मिला शव

संवाददाता, काकोरी

- शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान



**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के शिवरी कूड़ा प्लांट में काम करने वाले एक हेल्पर कामता प्रसाद पाण्डेय (51) की बुधवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरुवार सुबह हेल्पर का शव बाथरूम में पड़ा देख अन्य कर्मचारियों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के किये भेज दिया।

मूल रूप से सुल्तानपुर के आशापुर इमलिया निवासी कामता प्रसाद पाण्डेय शिवरी स्थित कूड़ा प्लांट में हेल्पर के रूप में कार्यरत थे। वे प्लांट में बनी लेबर कॉलोनी में रहते थे। बुधवार की रात कामता कॉलोनी के सामने बने बाथरूम में शौच के लिए गए थे। गुरुवार की सुबह लोग बाथरूम में गए तो कामता मृत पड़े मिले। साथी कर्मचारियों ने बेहटा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने कामता को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। छानबीन में पता चला कि कामता अत्यधिक शराब पीते थे। मृतक के परिजन को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

**अपराध** | चौक के लाजपतनगर इलाके की घटना, मामा ने बहनोई पर लगाया हत्या का आरोप

# मासूम की हुई मौत, शरीर पर मिले चोट के निशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चौक स्थित लाजपत नगर मोहल्ले में गुरुवार को पांच वर्षीय मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मासूम के शरीर में कई जगह चोट के निशान हैं। पीड़ित मामा ने बहनोई पर हत्या की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि परिजन ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लाजपत नगर निवासी भीष्म खरबंदा की केजीएमयू के सामने फोटो स्टेट की दुकान है। उन्नाव शुक्लागंज निवासी साले रोहित कश्यप ने बताया कि बहन स्वाती की मौत के बाद भांजा अरनव उर्फ गुग्गू (5) उनके साथ रहता था। शक था कि अरनव को उसके पिता भीष्म प्रताड़ित करेंगे। इस पर वह भांजे को अपने घर में रखते थे। कोर्ट के आदेश पर भीष्म अरनव को अपने घर ले आया था। गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे भीष्म ने कॉल कर साले रोहित को कॉल कर सूचना दी कि उल्टी होने के बाद अरनव की मौत हो गई।

पीड़ित ननिहाल पक्ष वहां पहुंचा। मामा ने बताया कि अरनव के माथे, बाई कनपटी, सीने, हाथ और कॉलर पर पिटाई के निशान हैं। अरनव की पिटाई किए जाने की आशंका पर डॉयल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित ने बताया कि बहनोई भीष्म ने उन्हें सूचना दी कि तबीयत बिगड़ने पर वह अरनव को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर ले गए थे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**बहन की मौत के बाद बहनोई ने की थी दूसरी शादी:** पीड़ित ने बताया कि अरनव की पैदाइश के छह माह बाद बहन स्वाती की मौत हो गई थी। उसके बाद से ननिहाल वाले अरनव को पाल रहे थे। पत्नी की मौत के एक वर्ष के अंदर ही बहनोई भीष्म ने दूसरी शादी रागिनी से कर ली। रागिनी से दो बच्चे हैं। पीड़ित ने बताया कि कॉल करने पर भीष्म कभी भी अरनव से बात नहीं कराता था।

### बैक आने पर एमबीबीएस छात्र ने हॉस्टल में की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रथम वर्ष ही बैक आने से क्षुब्ध होकर एमबीबीएस छात्र ने इंट्रीगल विवि के हॉस्टल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह हॉस्टल में उसका शव फंदे पर लटका मिला। तीन दिन पहले उसका रिजल्ट आया था। एक विषय को छोड़कर सभी में बैक आने से वह तनाव में था। गुडंबा पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। मूल रूप से गोरखपुर के बेलघाट निवासी राहुल कुमार विश्वास (22) गुडंबा के इंटीग्रल विवि से एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र था। गुरुवार सुबह राहुल हॉस्टल के कमरे में अकेले था। रूममेट मेस से वापस लौटा तो कमरे में अंदर से बंद था। काफी देर तक खटखटाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो उसने हॉस्टल और कॉलेज प्रशासन को जानकारी दी। जानकारी पर हॉस्टल प्रशासन व गुडंबा पुलिस पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे में फंदे पर राहुल का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी गोरखपुर में परिजन को दी। मौसेरे भाई कुंदन ने बताया कि तीन दिन पहले राहुल का रिजल्ट आया था। एक विषय को छोड़कर अन्य सभी विषयों में उसकी बैक आयी थी। पहले साल ही बैक आने से राहुल बहुत तनाव में था। गुरुवार को पैरेंट्स टीचर मीटिंग थी। भाई उसमें भी नहीं जाना चाहता था। मां मिट्ठू और पिता राजकुमार विश्वास ने बुधवार रात फोन कर उसे काफी समझाया था। इसके बाद वह सामान्य हुआ था। इंस्पेक्टर प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि घरवालों ने फिलहाल कोई भी आरोप नहीं लगाया है।

### वर्ल्ड कप में दम दिखाने को पैरा जूडोकाओं ने शुरू किया अभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी आईबीएसएस जूडो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन की देखरेख में भारतीय पैरा जूडो टीम का प्रशिक्षण शिविर गुरुवार से हजरतगंज स्थित पैरा जूडो एकेडमी में शुरू हो गया। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के चेयरमैन अवनीश कुमार अवस्थी, अध्यक्ष मुकेश कुमार मेश्राम और उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया ने किया।

यह प्रशिक्षण शिविर 19 मार्च तक चलेगा, जिसमें देश के अनुभवी और उभरते पैरा जूडोका अपनी तकनीक और फिटनेस को निखारते हुए वर्ल्ड कप के लिए अंतिम तैयारियां करेंगे। अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलने की उम्मीद है। शिविर के समापन के बाद भारतीय पैरा जूडो टीम जॉर्जिया के त्बिलिसी के लिए रवाना होगी, जहां 19 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाले आईबीएसएस जूडो वर्ल्ड कप में भारतीय खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे।

# ट्यूटर ने लाखों के गहने किए चोरी, साथी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सर्वोदयनगर स्थित मानस विहार में ट्यूशन पढ़ाने आने वाली ट्यूटर ने दोस्त संग मिलकर चोरी का प्लॉन बनाया। उसके बाद ट्यूशन पढ़ाने के दौरान बच्चे के घर से लाखों के जेवर चोरी कर लिए।

मानस विहार निवासी श्याम चंद्र अवस्थी ने बताया कि उनकी बहू के सोने के जेवर घर की अलमारी में रखे थे। 9 जनवरी को जब बहू ने अलमारी खोली तो उसमें से चार सोने के कंगन, दो झुमकी और एक मंगलसूत्र गायब मिला। शक के आधार पर मोहल्ले में रहने वाली ट्यूटर सृष्टि दुबे को बुलाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली और बताया कि उसने जेवर अपने दोस्त हर्षित यादव को दे दिए हैं। उसने जल्द सामान वापस कराने का भरोसा भी दिया। जेवर नहीं मिलने पर श्याम चंद्र ने 10 मार्च को गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी।

छानबीन के दौरान पुलिस टीम ने बुधवार को कुकरैल नाला के पास बंधा रोड से हर्षित यादव को गिरफ्तार कर लिया। मूल रूप से गोंडा के सतई पुरवा निवासी आरोपी महानगर के सेक्टर-ए में किराए पर रहता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सृष्टि दुबे उर्फ वैश्नवी दुबे श्याम चन्द्र अवस्थी के घर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने आती थी। इसी दौरान उसे घर में जेवर होने की जानकारी मिल गई थी। इसके बाद दोनों ने मिलकर चोरी की योजना बनाई। जिस दिन घर पर कोई नहीं था, उस दिन सृष्टि घर के अंदर गई और अलमारी से जेवर निकाल लाई, जबकि हर्षित बाहर निगरानी करता रहा। दोनों ने जेवर आपस में बांट लिए। हर्षित ने चार कंगन और मंगलसूत्र अपने पास रखा, जबकि सृष्टि ने दो झुमकी ले लीं। आरोपित ने मंगलसूत्र राह चलते एक व्यक्ति को कम दाम में बेचने की बात भी कबूल की है।

# नींद में खलल से दिल की बीमारी का खतरा

## स्लीप-डे पर केजीएमयू और लोहिया संस्थान में हुए जागरुकता कार्यक्रमों में विशेषज्ञों ने किया सचेत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** 20 से 30 प्रतिशत लोग नींद संबंधित बीमारी से पीड़ित हैं। रात में सोते वक्त कई बार नींद टूटती है। अधूरी नींद की वजह से तमाम तरह की गंभीर बीमारी हो रही है। दिल का दौरा तक पड़ने की आशंका बढ़ जाती है। यह जानकारी गुरुवार को स्लीप डे पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में केजीएमयू पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने दी। शताब्दी भवन स्थित विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. वेद ने कहा कि अच्छी नींद से बेहतर जीवन जिया जा सकता है। नींद में खलल से दिल संबंधी बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। बेकाबू शुगर, बीपी, मोटापा हो सकता है। लगातार नींद में खलल से दिल की गंभीर बीमारी हो सकती है। दिल का दौरा पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत वयस्क अनिद्रा संबंधी बीमारी से पीड़ित हैं। सात प्रतिशत वयस्क मोटापा की चपेट में हैं। जो नींद संबंधी बीमारी का बड़ा कारण है। लोहिया संस्थान में हुए कार्यक्रम में पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा ने कहा कि लगभग 80 प्रतिशत नींद संबंधी बीमारी से पीड़ितों को शुरुआत में लक्षण नजर नहीं आते हैं। लगभग चार से पांच प्रतिशत वयस्क निद्रा के अन्य विकार जैसे नींद में चलना जैसी समस्या की चपेट में हैं। उन्होंने कहा कि आपकी अच्छी नींद स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आवश्यक है। अच्छी नींद तंदुरुस्ती को बढ़ाती है। जबकि खराब नींद आपके शरीर और मन के लगभग सभी पहलुओं पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। आपकी नींद दैनिक पोषण और व्यायाम जितनी ही महत्वपूर्ण है।

### खर्राटे और निद्रा संबंधी रोग बड़ी समस्या

**अमृत विचार,लखनऊ :** खर्राटे एवं निद्रा संबंधी रोग देश-दुनिया में काफी बड़ी समस्या हैं। हमारे देश में 40 प्रतिशत वयस्क पुरुष, 20 प्रतिशत वयस्क महिलाएं तथा 10 प्रतिशत बच्चों को खर्राटे आते हैं। देश में लगभग 10 करोड़ से ज्यादा लोग खर्राटों के कारण होने वाली ऑब्स्ट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) से पीड़ित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए आज इसके संबंध में एक संस्था स्नोरिंग एण्ड स्लीप रिलेटेड डिसऑर्डर्स सोसाइटी की स्थापना की गयी है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त को चुना गया। राष्ट्रीय सचिव के रूप में हिन्दी मेडिकल साइंसेस, अयोध्या रोड, बाराबंकी की डॉ. श्वेता कंचन को चुना गया। केजीएमयू रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की डॉ. ज्योति बाजपेई को उपाध्यक्ष एवं डॉ. अंकित कुमार को कोषाध्यक्ष के पद पर चुना गया।



बैठक में शामिल पुलिस अधिकारी, मौलाना और अन्य लोग। अमृत विचार

# अलविदा की नमाज आज अधिकारियों ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऐशबाग ईदगाह में ईद-उल-फित्र और अलविदा की तैयारियों के सिलसिले में इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया और जिला प्रशासन व पुलिस कमिश्नरेट की एक अहम बैठक हुई। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारियों, उलमा और शहर के लोगों ने शिरकत की।

इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि रमजानुल मुबारक के रोजों के पूर्ण होने पर रोजेदारों को खुदा की ओर से ईद-उल-फित्र के रूप में एक जश्न मनाने का अवसर दिया जाता है। यह मुसलमानों का ऐसा त्योहार है जिस में अन्य धर्मों के अनुयायी भी मुसलमानों के साथ शरीक होकर खुशियां मनाते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि वह ईद की नमाज अदा करने वालों को अधिक अधिक आसानियां उपलब्ध करायें। मौलाना ने कहा कि ईद का चांद 19 मार्च को देखा जायेगा अगर चांद हो गया तो 20 मार्च को वरना 21 मार्च को पूरे देश में ईद मनाई जाएगी। ईदगाह में ईद-उल-फित्र की नमाज सुबह 10:00 बजे होगी। ईदगाह के मैदान और उसके आसपास सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर नमाजियों की सलामती और हिफाजत को यकीनी बनाया जाए। आवारा जानवरों की नमाज के समय बंद रखा जाए और वुजू करने वालों के लिए पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जाए। नगर निगम शहर की तमाम मस्जिदों के उचित सफाई कराए और बिजली व पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए। जामा मस्जिद ईदगाह में अलविदा की नमाज 12:45 पर अदा की जाएगी। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव कहा कि सुरक्षा व्यवस्था बेहतर से बेहतर बनाने के लिए ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी।

### ईद का चांद निकलने के बाद वाजिब होता है फितरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर पूछे गये सवालों के जवाब मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई व्यक्ति फितरा की रकम रमजान में अदा करे, तो क्या यह सही है? इसके जवाब में बताया गया कि फितरा चांद निकलने के बाद वाजिब होता है, इसलिए इसे 29 रमजान (चांद रात) को देना चाहिए। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि अगर कोई व्यक्ति ईद-उल-फितर की नमाज पढ़कर चला जाए और खुतबा न सुने, तो क्या हुक्म है? इसके जवाब में बताया गया कि उसकी नमाज सही है। ईद की नमाज का खुतबा सुनना जरूरी नहीं है, लेकिन सुना जाए तो बेहतर है। एक रोजेदार ने सवाल किया कि क्या रोजेदार के लिए रोजे की हालत में खुशबू लगाना जायज है? इसके जवाब में बताया गया कि रोजे की हालत में खुशबू लगाई जा सकती है, जैसे सेंट, अत्तर आदि। इससे रोजा बातिल नहीं होगा और रोजा सही रहेगा।

## सिटी ब्रीफ



फूलों की होली खेलते लोग।

### दुर्गा जी मंदिर में खेली गई फूलों की होली

**अमृत विचार, लखनऊ:** दुर्गा जी मंदिर में गीता परिवार के बालक-बालिकाओं ने फूलों की होली का आयोजन किया। इसमें होली से संबंधित प्रश्नोत्तरी के साथ बच्चों ने होली गीतों का गायन व मंचन प्रस्तुत किया। कल्याण मंडप में विवाहित जोड़ों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कल्याणी देवी ने होली के आध्यात्मिक महत्व पर प्रवचन देते हुए प्रेम, सद्भाव और भक्ति का संदेश दिया।

### 10 दिवसीय लखनऊ पुस्तक मेला आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** रवीन्द्रालय लॉन में 10 दिवसीय लखनऊ पुस्तक मेला 13 मार्च से शुरू हो जायेगा। मेले का उद्घाटन शाम पांच बजे होगा। 22 मार्च तक यह मेला रोजाना पूर्वाह्न 11 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। इस पुस्तक मेले में साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियां चलेंगी। पुस्तकों के विमोचन और काव्य समारोहों के साथ-साथ अध्यात्मिक और नाट्य, नृत्य आदि सांस्कृतिक समारोहों का क्रम भी चलता रहेगा। पुस्तक मेले की थीम विजन-2047 को लेकर विकसित भारत विकसित प्रदेश रखी गई है।

### शिशु विहार का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन लखनऊ की अध्यक्षा श्रुति गुप्ता ने मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर स्थित शिशु विहार का निरीक्षण किया। दौरान उन्होंने क्रेच में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर होली पर्व के उपलक्ष्य में उन्होंने क्रेच में कार्यरत सभी महिला कर्मियों को उपहार वितरित किए तथा उपस्थित नन्हें बच्चों को चॉकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

### आज राजनाथ सिंह से मिलेंगे सिंधी प्रतिधिनि

**अमृत विचार, लखनऊ :** भगवान झूलेलाल स्वागत द्वार के लिए 46 लाख रुपये स्वीकृत किये जाने पर सिन्धी समाज ने खुशी व्यक्त करते हुए बीजेपी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। सिन्धु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भावनानी, श्याम कृषनानी ने संयुक्त रूप से बताया कि भगवान झूलेलाल जी के स्वागत द्वार के लिए सिंधु सभा व चेट्टी चंद मेला कमेटी संयुक्त रूप से लबे समय से प्रदेश सरकार से मांग कर ही थी। नगर निगम कार्यकारिणी में स्वागत द्वार बनाए जाने को लेकर सहमति बन चुकी है। शुक्रवार को राजनाथ सिंह से मिलकर सिन्धी समाज उनका आभार व्यक्त करते हुए झूले लाल वाटिका में जल्द से जल्द स्वागत द्वार लगाए जाने की मांग रखेगा।

### भजन एवं लोकगायन कार्यशाला शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** चैत्र मास के आगमन के साथ ही लोकगायन की पारंपरिक विधा चैती के मधुर स्वर वातावरण में गूंजने लगे हैं। इसी क्रम में लोक संस्कृति शोध संस्थान ने गुरुवार को ऑनलाइन भजन एवं लोकगायन कार्यशाला शुरू की। लोकसंगीत की समृद्ध परंपरा को संरक्षित करने तथा नई पीढ़ी को उससे जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यशाला 18 मार्च 2026 तक चलेगी। कार्यशाला का संचालन दिल्ली विश्वविद्यालय के संगीत संकाय की सहायक आचार्य डॉ. स्मृति त्रिपाठी के निर्देशन में किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि चैत्र मास में गाए जाने वाले चैती गीत लोकजीवन के उल्लास, ऋतु परिवर्तन और सामाजिक उत्सवों की अभिव्यक्ति हैं, जो विशेष रूप से अवध और पूर्वांचल की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी ने बताया कि कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों को पारंपरिक चैती घर-घर बाजत बधइया हो रामा..., अवध नगरिया तथा बधाई गीत अवधपुर बाजे आज बधइया का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वर, आलाप, ताल और भावाभिव्यक्ति के साथ-साथ गीतों के सांस्कृतिक संदर्भों की भी जानकारी दी गई, जिससे प्रतिभागी लोकगायन की मूल आत्मा को समझ सकें। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में देश-विदेश से जुड़े लगभग 45 प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# नृत्य नाटक में दिखा जीवन के अस्तित्व का प्रवाह

## यायावर रंगमंडल की ओर से पुनीत मित्तल के निर्देशन में उमानाथ बली प्रेक्षागृह में हुआ मंचन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यायावर रंगमंडल की ओर से नृत्य नाटक का मंचन गुरुवार को पुनीत मित्तल की परिकल्पना और निर्देशन में राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में किया गया। यह प्रस्तुति 45 दिवसीय डांस थिएटर वर्कशॉप के तहत तैयार की गई। कार्यशाला मोहम्मद हफीज के निर्देशन में संचालित की गई जबकि आद्या घोषाल क्रिएटिव असिस्टेंट रहीं।

मुख्य अतिथि डॉ. संदीप कुमार रहे। नृत्य एक इंडो-कंटेम्पररी डांस थिएटर प्रस्तुति थी, जो प्रकृति के भीतर चल रहे जीवन संघर्ष और संतुलन के शाश्वत चक्र को मंच पर मूवमेंट और शारीरिक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रभावी रूप में पेश की गई। इस प्रस्तुति की खास बात यह थी कि इसमें संवाद नहीं थे पर कलाकारों के लयात्मक शारीरिक भंगिमाओं ने मौन कथ्य को भी प्रभावी रूप से सम्प्रेषित किया। निर्देशक की वृहद परिकल्पना ने इसमें नृत्य, संगीत और अभिनय की त्रिवेणी को रचनात्मकता के साथ मंच पर साकार किया।

कहानी की शुरुआत जल के जन्म से होती है जिसमें हिमखंड के पिघलने से बहता हुआ पानी जीवन का आधार बनता है और उसी से एक पूरा संसार जन्म लेता है। इसी संसार में मछली, हिरण और बाज जैसे जीव अपने-अपने अस्तित्व और प्रकृति के नियमों के साथ जीते दिखाई देते हैं। उत्तरोत्तर मंच पर इन पात्रों के बीच परस्पर संबंध बनते हैं। इन संबंधों का परिणाम कभी सौंदर्य, कभी प्रेम, कभी भय तो कभी संघर्ष होता है। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रकृति में हर जीव किसी न किसी पर निर्भर है। भूख, भय और जीवन की जद्दोजहद के बीच संघर्ष जन्म लेता है। इसी संघर्ष में मृत्यु भी आती है।

मछली, हिरण और अंततः बाज भी अपने जीवन चक्र को पूरा करते हैं। यह भी शाश्वत सत्य है कि प्रकृति में मृत्यु अंत नहीं बल्कि एक नए रूप में जीवन का प्रारंभ बन जाती है। मंच पर यह रूपांतरण तब दिखाई देता है जब मृत्यु के बाद वही जीव, वृक्ष बन जाते हैं। जिस हिरण का शिकार बाज करता था, वही वृक्ष बाद में बाज का आश्रय बन जाता है।

इस तरह प्रस्तुति यह बताती है कि प्रकृति में सब कुछ एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। जीवन, मृत्यु और पुनर्जन्म का यह अनंत चक्र निरंतर चलता रहता है।

अंतिम दृश्य में सभी रूप जल, जीव और वृक्ष एक साथ उभरते हैं और यह संकेत देते हैं कि जीवन का यह नृत्य कभी समाप्त नहीं होगा। रूप बदलते रहेंगे लेकिन अस्तित्व का प्रवाह निरंतर चलता रहेगा। इसी अनंत चक्र को प्रकृति के शाश्वत नृत्य के रूप में अत्यंत प्रभावी रूप में पेश किया गया। नृत्य नाटक में प्रेरणा विश्वकर्मा, प्रियम यादव, वंशिका शर्मा, विनय गुज्जर, आद्या घोषाल ने विभिन्न किरदार अदा कर लोगों को बांधे रखा।



राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में नृत्य नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### नाटक दो अकेली में झलका दो बहनों का दर्द

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति की ओर से भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के रिपेट्री ग्रांट की सहायता से नाट्य प्रस्तुति दो-अकेली का मंचन अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया गया। कांता शर्मा द्वारा लिखित और अनुपम बिसारिया द्वारा निर्देशित यह नाट्य प्रस्तुति प्रभात बोस के निर्देशन में हुई कार्यशाला में तैयार की गई थी। मंचन से पूर्व मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू कराया। इस मौके पर संस्था के संरक्षक आलोक कुमार पाण्डे और अध्यक्ष अचला बोस ने मुख्य अतिथि महोदय को अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नाटक के कथानक में एक मां से पैदा दो सगी बहनें एक घर में दो सगे भाइयों से ब्याही जाती हैं। बड़ी बहन नसीबन का पति अव्वल दर्जे का अय्याश होता है, वह जब तक जिंदा रहा उसको मारता पीटता रहा, उसकी जिन्दगी जहन्नुम बना दी गई, वह सब कुछ सहती रही, इसी उम्मीद पर कि एक दिन उसका बेटा जलाल बड़ा होकर उसका सहारा बनेगा, उसके गम बांटेगा मगर जलाल अस्मा से शादी होने के बाद अपनी बीवी और बेटे छोटू को लेकर अलग रहने चला जाता है और नसीबन एक बार फिर अकेली रह जाती है। दूसरी तरफ छोटी बहन जीनत निकाह होते ही विधवा हो जाती है। अब ना कोई आस ना औलाद उसे नसीबन ही सहारा देती है, दोनों मिलकर जलाल और छोटू पर अपनी मोहब्बत निसार करती है मगर उनके घर छोड़ने पर दोनों एकदम तन्हा और अकेली रह जाती हैं। ना कोई रिश्तेदार ना कोई दु:ख बांटने वाला, सिर्फ पेट पालने के लिये स्कूल के बच्चों को भुट्टे सेंक कर बेचती हैं और किसी तरह अपना गुजारा करती हैं, लेकिन पूरा दिन रोज एक जिन्दगी की तरह काटना पड़ता है, कभी लड़ती हैं, कभी प्यार जताती हैं, कभी एक दूसरे पर इल्जाम लगाती हैं, कभी रूठती हैं फिर खुद ही एक दूसरे को मनाती हैं, बस यही जिन्दगी का सफर है।



अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाटक दो अकेली का मंचन करते कलाकार।

### यज्ञसेनी वैश्य सभा ने किया होली मिलन

**अमृत विचार, लखनऊ :** यज्ञसेनी वैश्य (हलवाई) सभा की ओर से रामलीला मैदान, ऐशबाग में होली मिलन समारोह व परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के हजारों लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। समारोह के दौरान समाज के युवक-युवतियों और उनके अभिभावकों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया गया। इसमें युवक-युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया, जिससे विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए बेहतर संवाद और परिचय का अवसर मिला। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता और महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। समाज के वरिष्ठजन राम कुमार गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। हाई स्कूल, इंटरमीडिएट व उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी हरी श्याम गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, सोहन लाल, प्रवीण कुमार गुप्ता, अमित गुप्ता, रामजी गुप्ता, संगम लाल, आनंद प्रकाश गुप्ता, सत्य नारायण गुप्ता, ललित गुप्ता, सोनू गुप्ता, राजेश गुप्ता और धीरज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### 17 को कैलाश यात्रियों को सम्मानित करेंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2025 में कैलाश मानसरोवर यात्रा पूर्ण करने वाले प्रदेश के यात्रियों को 17 मार्च को शाम 3 बजे लोकभवन सभागार में सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यात्रियों को सम्मानित करने के साथ एक लाख रुपये अनुदान भी देंगे। कैलाश मानसरोवर सेवा समिति लखनऊ के अध्यक्ष केके सिंह ने और सचिव आरएस भदौरिया ने बताया कि वर्ष 2025 में लिपूलेख मार्ग से यात्रा का खर्च लगभग 2.31 लाख रुपये तथा नाथुला मार्ग से लगभग 3.35 लाख रुपये रहा। बढ़ते खर्च को देखते हुए समिति ने प्रदेश सरकार से अनुदान राशि को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये करने का अनुरोध किया है। समिति के मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी के अनुसार 2025 के सभी कैलाश यात्रियों को 17 मार्च को सुबह 11 बजे विधानसभा के सामने स्थित लोक भवन पर रिपोर्ट करना होगा।

### दवा काउंटर तक पहुंचने में छूट जाता है पसीना

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू लॉरी की ओपीडी में हर दिन करीब 300-400 मरीज इलाज के लिए आते हैं। बीमारी के आधार पर डॉक्टर पर्चे पर दवा लिखते हैं। जिसके बाद मरीज या तीमारदार दवा लेने के लिए लॉरी में खुले एचआरएफ काउंटर पर जाते हैं। पहले यहां पर दो काउंटर से दवा का वितरण किया जाता था। निर्माण कार्य की वजह से एक काउंटर बंद कर दिया गया है। इससे एक काउंटर पर सभी मरीजों की भीड़ लग गई। मरीज राम विलास ने बताया करीब एक घंटे से कतार में लगे हैं मगर अभी तक नंबर नहीं आया था। बताया पहले दो काउंटर से दवा का वितरण किया जाता है। मरीज विनोद ने बताया कि करीब सवा घंटे के बाद काउंटर पर पहुंच पाए। जहां पर पर्चे पर लिखी गई चार दवा में तीन ही दवा मिल पाई। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि मरीजों को असुविधा न हो।

आस्था | जैन मंदिर समिति डालीगंज से निकली यात्रा की रीतेश जैन ने की अगुवाई

# जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर की पालकी यात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ का गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माता की प्रेरणा से जन्मकल्याणक महोत्सव गुरुवार को लखनऊ के जैन मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति डालीगंज के महामंत्री रीतेश जैन की अगुआई में तीर्थंकर की पालकी यात्रा निकाली गई, पालकी यात्रा में डीजे बैंड पर बज रहे भजनों पर लोग थिरकते दिखाई दिए।

यात्रा जैन मंदिर से शुरू होकर डालीगंज बाजार, पन्नालाल चौराहा होते हुए मंदिर में वापस आकर समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए। पालकी यात्रा से पूर्व सुबह मंदिर के मूलनायक पार्श्वनाथ के अभिषेक, नवग्रह शांति, आदिनाथ का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा का कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष विकास जैन, महामंत्री रीतेश जैन, कोषाध्यक्ष वीर कुमार जैन (साड़ी वाले), अमरचंद जैन, अंकित जैन, अंशुल जैन, वीर कुमार जैन, मनोज जैन, अनिल जैन, पवित्र जैन, सुरेंद्र जैन, अनंत जैन, अमित जैन, विमल जैन, मनीष जैन, पारस जैन और मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन मौजूद रहे।

### चांदी के पालने में झुलाए गए तीर्थंकर ऋषभदेव

**अमृत विचार,लखनऊ :** गोमती नगर के विशाल खंड स्थित जैन मंदिर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव का जन्म एवं तप कल्याणक बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के मंत्री आलोक जैन ने बताया कि आज ही के दिन तीर्थंकर का अयोध्या में इक्ष्वाकु वंश में जन्म हुआ था। उनके पिता राजा नाभिराय 14वें कुलकर थे। यह समय तीसरे काल का अंतिम समय था और कल्पवृक्ष नष्ट होने लगे, भोग भूमि समाप्त हुई और चतुर्थ काल अर्थात कर्म भूमि प्रारंभ हुई। तीर्थंकर के अभिषेक एवं पूजन के बाद सभी भक्तों ने उन्हें चांदी के पालना में झुलाया, गोमतीनगर महिला मंडल की अनीता, अर्चना, जूली, मनीषा, सपना, मोना, रश्मि, अल्पना, दीपिका, आरुषि जैन आदि ने भाग लिया। मंदिर के मंत्री आलोक, संदीप जैन, सुकांत, राकेश, अरविंद, वीके जैन, रचित, अमित, दीपक नैवेद्य आदि शामिल रहे।

## सिटी डायरी



वित्तमंत्री से चर्चा करते संगठन के पदाधिकारी।

### ट्रेवल ट्रांसपोर्ट ओनर्स ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार,लखनऊ :** ट्रेवल ट्रांसपोर्ट ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर संगठन ने परिवहन विभाग के वन टाइम टैक्स (ओटीटी) अध्यादेश में भारी चूक का आरोप लगाकर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ओटीटी अध्यादेश में कई व्यावहारिक समस्याएं और तकनीकी त्रुटियां हैं। जिससे टैक्सी संचालकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। प्रतिनिधियों ने मांग की कि सरकार इस अध्यादेश की पुन: समीक्षा करे और टैक्सी संचालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक संशोधन करे। वित्त मंत्री ने समीक्षा कराने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष पियूष गुप्ता, महामंत्री दिनेश सिंह भदौरिया, अलीगंज अध्यक्ष अजय सिंह, नितिन रस्तोगी, विवेक पाल, राजू सिंह, पवन तिवारी, अनुज शुक्ला, सौरभ शुक्ला, लक्ष्मीकांत, शशांक उपाध्याय, रोहित यादव शामिल रहे।



स्मृति चिह्न के साथ सम्मानित की गईं महिलाएं।

### उन्नति सेवा रत्न सम्मान दिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था उन्नति फाउंडेशन ने गुरुवार को उन्नति उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन गोमतीनगर स्थित शीरोज कैफे में किया। राष्ट्रगान से शुरू हुए उन्नति उत्सव में राजेश पांडे एवं शैलजा ने लोकगीत प्रस्तुत किये। संस्था के संस्थापक रोहित सिंह ने स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, स्वदेशी एवं समृद्ध भारत के लिए समाज में कार्य कर रहे लोगों को उन्नति सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया। शिखा सिंह पटेल, प्रीति शुक्ला, लकी सरीन, उषा गोस्वामी, राजेश पांडेय, तृप्ति मिश्रा, मंजू श्रीवास्तव, निधि शुक्ला, अतुल अरोरा, सेव्यास सिंह, हर्षित, शैल सिंह, सैफ खान, हर्ष, अनिकेत, हर्ष गोस्वामी और शैलजा पांडेय को उन्नति सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।



सुंदरकांड पाठ के बाद एकत्र महिलाएं।

### सपना गोयल ने कराया सुंदरकांड

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में चित्रकूट तीर्थ परिसर रामघाट में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया। गुरुवार को लखनऊ पहुंच कर सपना गोयल ने बताया कि जनजागृति के लिए सुंदरकांड महाअभियान चेतना यात्रा भी केसरिया ध्वज के साथ चित्रकूट में निकाली गई। इसमें महिलाओं ने सुंदरकांड महा अभियान के लिए निर्धारित पीले रंग की साड़ी पहन कर पूरे उत्साह के भाग लिया। चित्रकूट में आयोजित सुंदरकांड आध्यात्मिक अनुष्ठान में सपना गोयल ने संदेश दिया गया।



सम्मानित करने के बाद महिला से बातचीत करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

### राज्यपाल ने किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को आर्मी वुमन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से के सूर्या कमांड सभागार में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वीर नारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नारी का स्वरूप सदैव बहुआयामी रहा है। मां के रूप में वात्सल्य की धारा बहाती है, बहन के रूप में स्नेह प्रदान करती है। पत्नी बनकरजीवनसाथी की शक्ति बनती है ।

## सिटी ब्रीफ

### रक्षामंत्री आज करेंगे सीएमएस के भवन उद्‌घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोल्फसिटी कैम्पस के नवनिर्मित शैक्षणिक भवन का उद्‌घाटन आज रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इस अवसर पर रक्षामंत्री 'स्टेशन रोड' का नामकरण डॉ. जगदीश गांधी मार्ग के रूप में करेंगे। राणा प्रताप चौराहे पर स्थापित 'डा. जगदीश गांधी मार्ग' के शिलालेख का ऑनलाइन अनावरण भी करेंगे। समारोह में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल समेत शहर की अनेक लोग उपस्थित रहेंगे।

### प्लेसमेंट पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के सभी छात्रों का पंजीकरण प्लेसमेंट पोर्टल पर कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सभी संस्थानों के निदेशकों और प्राचार्य को पत्र लिखकर 14 मार्च तक पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया है। प्लेसमेंट पोर्टल का लिंक संस्थाओं के लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड पर उपलब्ध करा दिया गया है।

### लूटा ने दी प्रो. राजीव मनोहर को बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) की कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुयी। जिसमें भौतिकी विभाग के प्रो. राजीव मनोहर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति नियुक्त होने पर बधाई दी गई। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी द्वारा कार्यपरिषद की बैठक में शिक्षकों के महत्वपूर्ण लम्बित मुद्दो को हल करने के लिये भी लूटा ने धन्यवाद दिया। कार्यकारिणी में राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा मंत्री को शिक्षक संघ की मांग कैसलेस सुविधा को स्वीकार करने के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में अध्यक्ष प्रो. अनित्य गौरव, महामंत्री प्रो. राम मिलन, संयुक्त सचिव डॉ. अशोक कुमार, डॉ. करुणा शंकर, कोषाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार और कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. सेन्थिल कुमार, डॉ. निहारिका और डॉ. भारत कुमार उपस्थित रहे।

### सीएमएस छात्र को अमेरिकी स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र व्योमेश विक्रम सिंह को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की पेन स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा 48 हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप मिली है। छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। व्योमेश ने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया है। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जिज्ञासा शोध की आधारशिला: प्रो. ठक्कर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में युवाओं में शोध और नवाचार पल्लवन पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश एकेडमी ऑफ साइंसेज, प्रो. एचएस श्रीवास्तव फाउंडेशन फॉर साइंस एंड सोसाइटी के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बिरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पालीयोसाइंसेज के निदेशक प्रो. महेश जी. ठक्कर थे। प्रो. ठक्कर ने मानव विकास की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिज्ञासा ही शोध की आधारशिला है। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश एकेडमी ऑफ साइंसेज के सचिव वैज्ञानिक डॉ. चंद्र मोहन नौटियाल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को एकेडमी से जुड़कर वैज्ञानिक उन्नति में योगदान देने के लिए आमंत्रित किया।

### कूह स्पोर्ट्स क्लब ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच अतुल विश्वकर्मा (63 रन, तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के चलते कूह स्पोर्ट्स क्लब ने 21वीं बीबीडी ए डिवीजन क्रिकेट लीग में यॉर्कर क्रिकेट क्लब को 28 रन से हरा दिया। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की देखरेख में गुरुवार को जीसीआरजी ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में कूह स्पोर्ट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में नौ विकेट पर 270 रन बनाए। टीम की ओर से अतुल विश्वकर्मा ने 63 रन की उपयोगी पारी खेली। उनके अलावा कुशाग्र सिंह ने 52 रन और आदित्य प्रताप सिंह ने 38 रन का योगदान दिया। यॉर्कर क्रिकेट क्लब की ओर से शिवम यादव ने तीन विकेट झटके, जबकि कार्तिकय सिंह को दो विकेट मिले।

# लविवि में दिखी आजादी के दौर की झलक

## दांडी यात्रा की स्मृति में निकली जनभवन से विश्वविद्यालय तक यात्रा

- 12 मार्च 2030 को दांडी यात्रा और नमक सत्याग्रह के होंगे 100 साल पूरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** युवाओं को सत्य, स्वदेशी, स्वावलंबन और राष्ट्र सेवा के गांधीवादी मूल्यों से प्रेरित करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रतीकात्मक दांडी यात्रा निकाली गई। जो जनभवन से होते हुए विश्वविद्यालय परिसर में पहुंची। महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्रामी सेनानियों के प्रतिरुप बने विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारी व शिक्षकों ने छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों को साकार करने का संदेश दिया।

जनभवन से निकली यह पदयात्रा 9:40 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में पहुंची उसके बाद महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र अनमोल गोयल ने दांडी मार्च की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और नमक सत्याग्रह के महत्व पर प्रकाश डाला। मानस वाजपेयी ने काव्य पाठ कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रा अलीना वकार ने साबरमती आश्रम से दांडी तक की ऐतिहासिक यात्रा का विस्तृत वर्णन किया। जनभवन के अधिकारी अशोक देसाई ने कहा कि चौरीचौरा की घटना के बाद दांडी मार्च स्वतंत्रता संग्राम का महत्वपूर्ण आंदोलन बनकर उभरा, जिसमें लगभग 60,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने गांधी-इरविन समझौते का उल्लेख करते हुए बताया कि उसके प्रमुख बिंदुओं में नमक कानून से संबंधित रियायतें भी शामिल थीं।



लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में दांडी मार्च की स्मृति में पदयात्रा करते गांधी और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिरूप। अमृत विचार

**मैंने नमक की चुटकी में आजादी की आस देखी:** जनभवन के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल. अजानी ने स्वतंत्रता आंदोलन में सरोजिनी नायडू की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने गांधीजी के साथ इस आंदोलन में नेतृत्व प्रदान किया। सरदार वल्लभभाई पटेल ने गांव-गांव जाकर जन-जागरण किया और आंदोलन की सफलता के लिए व्यापक संगठनात्मक आधार तैयार किया। दांडी मार्च को लेकर उन्होंने कविता पढ़ी कि "मैंने नमक की चुटकी में आज़ादी की आस देखी, डांडी मार्च में सत्य की प्यास देखी। गांधी चले साबरमती से मौन पांव लेकर, साथ चले लाखों दिलों में विश्वास लेकर।"

### ये रहे उपस्थित

- डॉ. सुधीर एम. बोबडे, प्रभारी कुलपति प्रो. अरविंद मोहन, प्रो. अनूप कुमार भारतीय, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप सिंह, डीन छात्रकल्याण प्रो. वीके शर्मा, लूटा अध्यक्ष प्रो. अनित्य गौरव, डायरेक्टर रैंकिंग प्रो. गीतांजलि मिश्रा, कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, कानूनी सलाहकार सुनील वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# इंस्पायर्ड अवार्ड विजेता छात्रा जाएगी जापान यात्रा पर

- कक्षा 9 की छात्रा हैं इंदिरा नगर की वैष्णवी तिवारी



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2022-23 में राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को विदेश भ्रमण फिर से अवसर मिला है। रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल इन्दिरानगर से कक्षा 9 की छात्रा वैष्णवी तिवारी जापान की सकूरा साइंस प्रोग्राम के लिए जापान जाएंगी। वैष्णवी ने मूक बधिर दिव्यांगों के लिए संकेतों को हिन्दी-अंग्रेज़ी के शब्दों में निरूपित करने की डिवाइस तैयार कर इंस्पायर्ड अवार्ड में स्थान ग्रहण किया है। इस योजना के तहत विदेश जानी वाली वह लखनऊ मंडल तीसरी विद्यार्थी है।

मंडल के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि वैष्णवी लखनऊ मण्डल से जापान यात्रा का अवसर प्राप्त करने वाली तीसरी चयनित प्रतिभागी है। रायबरेली जनपद से न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू, महराजगंज के नैतिक श्रीवास्तव और लखनऊ के जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के प्रांजल श्रीवास्तव को इससे पूर्व विदेश यात्रा का अवसर मिल चुका है। वैष्णवी इंदिरा नगर की रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल सी ब्लॉक की कक्षा 9 की छात्रा है।

**पांच सौ की लागत से तैयार की डिवाइस:** वैष्णवी ने शिक्षिका निशा पिल्लई के मार्गदर्शन में महज पांच सौ रुपये की लागत में मूक व बधिर दिव्यांगों को एक ग्लब्स के माध्यम से उनकी बातों (संकेतों) को प्रोग्रामिंग कर लिखित भाषा में प्रदर्शित करने की डिवाइस तैयार की थी। जिसको पहले जिले और फिर राज्य स्तर की प्रदर्शनी से चयनित करते हुए 11वीं राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिला था।

# मलिहाबाद की पायल का राष्ट्रीय टीम में चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मलिहाबाद क्षेत्र की एक साधारण परिवार की बेटी ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल कर पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। मलिहाबाद के हसनापुर नयाखेड़ा गांव की रहने वाली छात्रा पायल का चयन अंडर-17 राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में हुआ है। उनकी इस सफलता से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। पायल कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, ढेढेमऊ की कक्षा आठ की छात्रा हैं और वह एक मजदूर परिवार से आती हैं।



पायल के पिता रमेशपाल और माता अनीता पाल आर्थिक रूप से कमजोर हैं, लेकिन इसके बावजूद पायल ने अपने सपनों को टूटने नहीं दिया। करीब तीन वर्ष पहले कस्तूरबा विद्यालय में प्रवेश मिलने के बाद उनके जीवन की दिशा बदल गई। विद्यालय की वार्डन नीलिमा सिंह और खेल शिक्षकों के मार्गदर्शन में पायल ने फुटबॉल खेलना शुरू किया और लगातार मेहनत करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी मेहनत का परिणाम यह रहा कि उन्होंने मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई। वर्ष 2024-25 में अलीगढ़ में आयोजित अंडर-14 प्रतियोगिता में पायल ने अपनी टीम को दूसरा स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# यूपी बोर्ड परीक्षाएं समाप्त, अब रिजल्ट की बारी

- अंतिम दिन की परीक्षा में रहे 139 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं-2026 गुरुवार को समाप्त हो गई। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च तक कुल 15 कार्य दिवस में सम्पन्न कराई गई। जिसके लिए लखनऊ जिले में 120 परीक्षा केन्द्र (15 राजकीय, 64 अशासकीय व 41 वित्तविहीन) के साथ ही 1 आदर्श कारागार परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इसबार बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 51954 और इंटरमीडिएट में 51134 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें हाईस्कूल में 95.21 प्रतिशत जबकि इंटरमीडिएट में 93.51 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

बोर्ड परीक्षा को सकुशल कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से 7 जोनल मजिस्ट्रेट व 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट समेत 121 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त 19 नायब तहसीलदार के माध्यम से रात्रि में भी लगातार परीक्षा केन्द्रों के स्ट्रांगरूमों का निरीक्षण कराया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने जिला स्तर पर 6 सचल दल और 121 केन्द्रव्यवस्थापक, 121 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक के साथ बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से कुल अनुमानित 4230 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई थी। परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी के लिए 4 हजार से अधिक कैमरें लगवाये गये। जिनकी निगरानी हेतु स्थापित जनपदीय कन्ट्रोल रूम में 40 से अधिक कार्मिकों द्वारा तीन पालियों में 10 कम्प्यूटरों पर राउन्ड ओ क्लॉक मानीटरिंग द्वारा की गई।

बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन हाईस्कूल कृषि और इंटरमीडिएट कंम्प्यूटर की परीक्षा आयोजित की गई जिसमें प्रथम पाली में 81 जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट संस्कृत की परीक्षा में 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान 3 सचल दलों ने कुल 23 केंद्रों का निरीक्षण किया।

जिला स्तर पर कुल 6 सचल दलों का निर्माण किया गया था। जबकि मण्डल स्तर पर 4 सचल दल सक्रिय किए गए थे। मंडलीय सचल दल द्वारा परीक्षा के दौरान 200 से अधिक परीक्षा केंद्रों का दौरा किया गया जबकि जिला स्तर पर गठित 6 सचल दलों द्वारा कुल 15 परीक्षा दिवसों में 475 बार से अधिक परीक्षा केन्द्रों का सतत निरीक्षण किया गया। इस दौरान एक भी नकलची परीक्षार्थी इन दलों द्वारा नहीं पाया गया।

### अप्रैल के अंतिम सप्ताह में आएगा परिणाम

- बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार को समाप्त हो गई। अब उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरु होगा। जिसके लिए बोर्ड की ओर से व्यापक तैयारियां की गई है। बोर्ड का कहना है कि अगले एक माह के भीतर ही परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

### जिला स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊः** क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में गुरुवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग हाल में जिला स्तरीय जूनियर बालक और बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न अकादमियों के लगभग 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन उपक्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार गौड़ ने किया। मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्गों में कड़ा संघर्ष किया। अंत में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में हैदर उल्लाह, मयंक, अविरल गुप्ता, आरव धानुक, बालमुकुंद, स्वयं प्रताप सिंह और दिव्यांश सिंह ने अपने-अपने भार वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया।

# साई सेंटर के चार खिलाड़ी भारतीय पैरा पावरलिफ्टिंग टीम में चयनित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कानपुर रोड स्थित साई सेंटर के खिलाड़ियों ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सेंटर के चार प्रतिभाशाली पैरा पावरलिफ्टरों का चयन भारतीय राष्ट्रीय टीम में हुआ है। ये खिलाड़ी आगामी एक से 12 अप्रैल तक बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित होने वाली एशिया ओसियाना पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। साई सेंटर के कोच गोपाल भाई शर्मा ने इस चयन को बड़ी कामयाबी बताते हुए कहा कि महज दो वर्ष पहले लखनऊ साई सेंटर में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत पैरा पावरलिफ्टिंग की ट्रेनिंग शुरू की गई थी। वर्तमान में यहां देशभर से चयनित सात खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनमें से पांच खिलाड़ी पहले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और नियमित प्रशिक्षण का परिणाम है। चार खिलाड़ियों के एक साथ भारतीय टीम में चयन से साई सेंटर में खुशी का माहौल है। खिलाड़ी और कोच अब आगामी चैंपियनशिप की तैयारियों में जुट गए हैं।



भारतीय पैरा पावरलिफ्टिंग टीम में चुने गए साई सेंटर के चार खिलाड़ी। अमृत विचार

### चयनित खिलाड़ी

- अजय पटेलिया – जूनियर वर्ग (59 किग्रा)
- सोनम पाटिल – सीनियर वर्ग (45 किग्रा)
- मेधा पांडेय – सीनियर वर्ग (67 किग्रा)
- शाइस्ता – सीनियर वर्ग (79 किग्रा)

### वेटलिफ्टिंग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने जीते 15 स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, लखनऊः** मोहनलालगंज स्थित मिनी स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित जोनल महिला और पुरुष वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम किया। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता में 14 जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सभी 15 भार वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक कामयाबी दर्ज की।

सब-जूनियर पुरुष वर्ग में 55 किग्रा में पीयूष यादव और 73 किग्रा में भविष्य जोशी ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं महिला वर्ग में 53 किग्रा में काजल, 58 किग्रा में चाहत मौर्या और 48 किग्रा में अरुंधती ने पहला स्थान हासिल किया। जूनियर पुरुष वर्ग में 60 किग्रा में हिमांशु यादव और 67 किग्रा में प्रवीण कुमार ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**आयोजन** | डीएवी डिग्री कॉलेज में आयोजित हुआ तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव

# अभिव्यक्ति में गरबा से लेकर भांगड़ा की धूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डीएवी डिग्री कॉलेज में वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति 2026 का समापन दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर रहा। कार्यक्रमों में एकल गान, समूह गान, एकल नृत्य (छात्र-छात्रा), समूह नृत्य (छात्र-छात्रा) तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में शहर के लगभग 18 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी कला, संगीत तथा नृत्य प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दर्शकों की तालियों की गूंज से पूरा सभागार उत्साह और आनंद से भर उठा। नृत्य प्रतियोगिताओं में देश के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों ने सांस्कृतिक एकरुपता का परिचय दिया।



समारोह में पद्मश्री मालिनी वस्थी द्वारा सम्मानित की गईं छात्राएं व अन्य। अमृत विचार

एकल गान प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने फिल्मी गीतों एवं लोकगीतों की मधुर प्रस्तुतियाँ दीं। जबकि समूह गान में होली के पारंपरिक गीतों और विभिन्न राज्यों के लोकगीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसके पश्चात नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को नृत्यमय बना दिया। एकल नृत्य और समूह नृत्य में भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली जिसमें कहीं गुजरात का गरबा, कहीं पंजाब का भांगड़ा, तो कहीं बंगाल की पारंपरिक नृत्य शैली। प्रतिभागियों ने अपने नृत्य के माध्यम से भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को मंच पर जीवंत कर दिया। सबसे आकर्षक प्रस्तुति फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रही। जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर मंच को रंग-बिरंगे सांस्कृतिक रूपों से सजा दिया।

मुख्य अतिथि मालिनी अवस्थी, अतिविशिष्ट अतिथि इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह (विधायक, विधान परिषद), मुकेश सिंह (अध्यक्ष, इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स यूपी चैप्टर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक आनंद मोहन तिवारी ने की तथा महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. सत्यकाम आर्य की उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कल्याणी दीक्षित और डॉ. दुर्गेश मिश्र द्वारा किया गया।

## सिटी डायरी


सम्मेलन को संबोधित करतीं प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय।

### आर्थिक नीतियों में संतुलन और नवाचार की आवश्यकता

**अमृत विचार, लखनऊ :** वैश्विक आर्थिक मंदी के भारत पर प्रभाव को लेकर व्याख्यान का आयोजन एसआरएम बिजनेस स्कूल किया गया। विद्यार्थियों को वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और उनके भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति छात्रों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने वैश्विक आर्थिक मंदी के कारणों, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हो रहे उतार-चढ़ाव तथा इनका भारतीय अर्थव्यवस्था, उद्योग, रोजगार और व्यापार पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत के लिए आर्थिक नीतियों में संतुलन और नवाचार की आवश्यकता है ताकि देश विकास की गति को बनाए रख सके। कार्यक्रम का संचालन एमबीए की छात्रा वंशिका मुंबई ने प्रभावी ढंग से किया।


सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करते विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने लोगों को किया जागरूक

**अमृत विचार , लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा अभियान के माध्यम से लोगों को जागरुक किया। इस दौरान बिजनौर से बांग्लाबाजार मार्ग पर राहगीरों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने और यातायात संकेतों का पालन करने की जानकारी दी। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश भी लोगों तक पहुंचाए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्पित शैलेश, डॉ. मीना विश्वेश्वर, डॉ. भीम सोनकर और डॉ. नरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


जैन दर्शन पर आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित अतिथि।

### जैन दर्शन और साहित्य पर मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से तीर्थंकर ऋषभदेव जन्म कल्याणक के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जैन दर्शन और साहित्य : समकालीन संदर्भ में विषय पर आयोजित संगोष्ठी प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि जैन धर्म मनुष्य को केवल स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समस्त प्राणियों के हित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने 'असि, मसि और कृषि' की अवधारणा की चर्चा करते हुए कहा कि ऋषभदेव ने मानव को आजीविका के लिए शस्त्र (असि), विद्या, लेखन (मसि) और कृषि जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का मार्ग दिखाया।


विशेष रोजगार मेले में पहुंचे अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग करते अधिकारी।

### विशेष रोजगार मेले में पहुंचे 24 अभ्यर्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईआईटी अलीगंज में दिव्यांग युवाओं के लिए विशेष रोजगार मेला का आयोजन किया गया। फरीदाबार स्थित वातानुकुलित मशीनें बनाने वाली कंपनी के अधिकारी व डॉ. रेड्डी कंपनी के आदित्य शुक्ला ने बताया कि कुल 700 पदों पर भर्ती की जानी है लेकिन यहां पर महज 24 युवाओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें सीतापुर से आई एक महिला अभ्यर्थी ने फरीदाबाद जाकर कार्य करने से मना कर दिया।